संख्या- 123 / 2016/372/चार-2016 -56 (वि0)/2016

प्रेषक,

सूर्यमणि लालचन्द्र
विशेष सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
संस्कृति निदेशालय उ0प्र0,
जवाहर भवन, लखनऊ।

संस्कृति अनुभाग: लखनऊ: दिनांक 23 जून , 2016

विषयः- स्व0 गंजी प्रसाद स्वतंत्रता संग्राम सेनानी/पूर्व विधायक की मूर्ति की कुल लागत के विरूद्ध अवशेष भुगतान की प्रशासनिक/ वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक अपने पत्र संख्या-372/सं0नि-25(22)/2004 दिनांक 10 मई, 2016 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- इस सम्बन्ध में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि स्व0 गंजी प्रसाद स्वतंत्रता संग्राम सेनानी/पूर्व विधायक की मूर्ति के 25 प्रतिशत अवशेष भुगतान के सम्बन्ध में उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव पर शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त यथा प्रस्तावित कुल धनराशि रू0 25,000/- (रूपये पच्चीस हजार मात्र) की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की जाती है।

3- उक्त धनराशि रू0 25,000/- (रूपये पच्चीस हजार मात्र) चालू वित्तीय वर्ष 2016-17 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या- 92- आयोजनागत पक्ष के अन्तर्गत लेखाशीर्षक-4202-शिक्षा-खेलकूद-कला तथा संस्कृति पर पूँजीगत परिव्यय-04-कला तथा संस्कृति -106-संग्रहालय-09-महापुरूषों की मूर्तियोंका निर्माण-24-वृहद निर्माण कार्य से वहन किया जायेगा।

भवदीय,

(सूर्यमणि लालचन्द्र)
विशेष सचिव।

संख्या- / 2016 /372 (1)/चार-2016 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रधान महालेखाकार, (लेखा व हकदारी) प्रथम, उ0प्र0 इलाहाबाद।
2- निजी सचिव, मा0 संस्कृति मंत्री जी।
3- वित्त नियंत्रक, संस्कृति निदेशालय , उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ ।
4- मुख्य कोषाधिकारी, कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ।
5- वित्त (लेखा) अनुभाग-1/ वित्त (ई-7) अनुभाग
6- गार्ड फाइल।

आज्ञा से ,

(मनोज कुमार सिंह)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in/